Govt.of MadhyaPradesh
मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

**Panna Tiger Reserve**

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve
पन्ना टाईगर रिजर्व

# प्रेसनोट

## पन्ना टाइगर रिजर्व के वेबसाइट का अपग्रेडेशन



पर्यटकों एवं जनसामान्य को पन्ना टाइगर रिजर्व के सन्दर्भ में बेहतर जानकारी उपलब्ध कराने हेतु अधिकारिक वेबसाइट www.pannatigerreserve.in को अपडेट किया जाकर नये स्वरूप में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री रवि श्रीवास्तव के द्वारा अपने पन्ना टाइगर रिजर्व के प्रवास दिनांक 26.03.2016 के समय शुभारम्भ किया गया है।

वर्तमान में पन्ना टाइगर रिजर्व की इस अधिकारिक वेबसाइट पर सीधे क्लिक किया जाकर www.mponline.gov.in से प्रवेश टिकट बुक कराया जा सकता है। साथ ही पार्क भ्रमण कैसे करें (how to visit park) कालम से पार्क भ्रमण के सन्दर्भ में समस्त जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वेबसाइट पर पर फारेस्ट कॉटेज हिनौता एवं रनेहफाल पर उपलब्ध उच्चस्तरीय कॉटेज एवं टेण्ट की समस्त जानकारी दी गई है। साथ ही पन्ना टाइगर रिजर्व की लघु फिल्म भी दर्शाई गई है। पार्क की वनस्पतियों, वन्यप्राणियों, बाघों की पुनर्स्थापना, टिकट दर, इत्यादि अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही पर्यटक अपने सुझाव भी पन्ना टाइगर रिजर्व को भेज सकते हैं।

जयहिन्द,

दिनांक– 28.03.2016

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना